# कविता पढ़कर चिड़काबूड़ा का चित्र बनाओ

लंबी दाढ़ी आधा बूढ़ा
ये है एक चिड़काबूड़ा।
मीठी गोली खाता है।
कभी नहीं वह हँसता है,

चाहे जितना रंग लगाओ
चिड़काबूड़ा का चित्र बनाओ।

● ऐसी और कौन सी कवितायें तुम्हें आती हैं? उन्हें गाओ, उन पर चित्र बनाओ।


| | | | |
|---|---|---|---|
| पड़ा | पढ़ा | दाढ़ी | नहाता |
| गाड़ा | गाढ़ा | गाड़ी | खाता |
| बाड़ | बाढ़ | साड़ी | जाता |

● और भी ऐसे शब्दों को ढूंढो। ● 'ली' से खतम होने वाले शब्द ढूंढो और लिखो।

# बांटो इनमें आधा आधा
# न किसी को कम न किसी को ज़्यादा


दोनों घरों में बराबर–बराबर दिये रखो——






दोनों बाल्टियों में बराबर बांटो——






मीना और राशि को बराबर लड्डू दो——







बंदर और हाथी को बराबर–बराबर केले दो ——








दोनों तितलियों को बराबर–बराबर फूल दो——





- हर दिये के लिए एक कंकड़ लो। कंकड़ को दोनों घरों में बराबर बांटो।
- ऐसा बाकि सवालों के साथ भी करो। ऐसे और भी सवाल बनाओ–करो।

# संख्या चार्ट

| | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|
| 0 | 10 | 20 | | 40 | 50 |
| 1 | | 21 | | | |
| | | | | 42 | |
| | | | 33 | | |
| 4 | | | | | |
| | | | | 45 | |
| 6 | | | | | |
| | 17 | | 37 | | |
| | | 28 | | | |
| 9 | 19 | | | | |

- गिनो 1 से 20 तक कितने घर खाली हैं।
- 1 से 50 तक कौनसी संख्याएं लिखी हुई हैं?
- खाली घर में संख्या लिखो।
- 15 के बाद क्या आता है?
- 15 के कितने घर बाद 18 है?
- 23 से 28 तक पहुंचने में कितने घर आगे बढ़ना होगा?
- 18 से 11 तक लौटने में कितने घर पार करने होंगे?
- 25 से 3 अधिक संख्याएं कौनसी हैं? *इस तरह और भी अभ्यास करो।*

*रंग भरो*

- 10 के बाद हर दसवें धर में हरा रंग भरो। किन घरों में रंग भरा?
- 3 के बाद हर तीसरे घर में पीला रंग भरो। हरे रंग के घर छोड़ दो।
- 30 तक कौनसे घर पीले हुए?

# हाय रे मिर्च

हल्कू हाथी को हरी मिर्च बहुत अच्छी लगती थी। एक बार उसे हरी मिर्च के एक पेड़ पर खूब सारी हरी मिर्च दिखी। हल्कू झट से पूरा पेड़ चबा गया।

पर ये क्या? हरी मिर्च तो, बहुत ही तीखी निकली। हल्कू का मुँह जल गया। हल्कू चिल्लाया–हाय रे, बचाओ। सीं सीं सीं, हाय।

हल्कू भाग कर नहर पर पहुँचा। वहाँ उसने ढेर सा पानी पिया। पर जलन ज़रा भी कम नहीं हुई।


अचानक हल्कू को हलवाई की याद आई। उसने सोचा अगर हलवा मिल जाये तो मिर्च लगना बंद हो जायेगा।

वह दौड़ते–दौड़ते हलवाई की दुकान पर पहुँचा। बोला–हलवाई हलवाई, मुझे थोड़ा सा हलवा दे दो। हलवाई ने कहा– दे तो दूँगा, पर पहले तुम मुझे थोड़ी सी हल्दी ला दो।

हल्कू हाँफते–हाँफते हशमत की दुकान पर पहुँचा। बोला–इमरत भाई, हशमत भाई, मुझे थोड़ी सी हल्दी दे दो। हल्दी मैं हलवाई को दूँगा, हलवाई मुझे हलवा देगा।

हशमत ने कहा– दे तो दूँगा, पर पहले तुम मुझे एक हंसिया ला दो।

बेचारा हल्कू लोहार के पास पहुँचा। बोला लोहार भाई, लोहार भाई मुझे एक हँसिया दे दो। हँसिया मैं हशमत को



दूँगा। हशमत मुझे हल्दी देगा। हल्दी मैं हलवाई को दूँगा। हलवाई मुझे हलवा देगा।


लोहार ने कहा– दे तो दूँगा, पर पहले तुम मेरा हुक्का भर दो।

हल्कू ने लोहार का हुक्का भर दिया। लोहार ने उसे हँसिया दे दिया। हँसिया लेकर वह हशमत के पास पहुँचा। बोला–हशमत भाई, हशमत भाई, ये लो हँसिया। अब मुझे थोड़ी सी हल्दी दे दो।


हशमत ने उसे हल्दी दे दी।

हल्दी लेकर वह हलवाई की दुकान पर पहुँचा। हलवाई ने हल्दी ले ली, और हल्कू को थोड़ा हलवा दे दिया।

हल्कू ने झट से हलवा खा लिया। हलवा खाते ही उसे मिर्च लगना बंद हो गई। कुछ समय के लिये तो हल्कू को बहुत अच्छा लगा। पर थोड़ी देर के बाद उसे फिर से हरी मिर्च की याद आने लगी।



● 'ह' वाले शब्दों पर गोला लगाओ।



# सुरता का बस्ता

सुरता के बस्ते
में क्या–क्या है?

| इन्हें काटो–ब, क, रा, री, बा |
|---|
| ब क रा बा रा |
| री ब क री क |
| क री ब क रा |
| बे क रा र बा |
| ब रा क क ब |

क्या बचा? बचे हुए अक्षरों को जोड़कर शब्द बनाओ और नीचे खाली डिब्बे में लिखो।

चित्र बनाओ क्या–क्या बचा?

| इन्हें काटो–क, ल, च, का, ह |
|---|
| क ल च का ह |
| क ल ह क च |
| ल चू हा का ह |
| ल का च ह क |
| क ह का च ल |


| इन्हें काटो–का, ली, ल, ह, रा |
|---|
| का ली ल ह रा |
| रा ह का ल ली |
| के ली ला ह रा |
| ली ल ह रा का |
| का का ली ह ली |

| इन्हें काटो–प, ना, पा, के, ने |
|---|
| प ना पा ना प |
| के प ने ना पा |
| पे ना के न प |
| प के पा प के |
| ने प ना ने पा |


- अक्षर कार्ड जमाकर और नाम बनाओ।
- पट्टी पर मन से ऐसे और झुंड बनाओ। नाम ढूंढना खेलो।

# आकृतियाँ

नीचे वाले चित्र को ऊपर वाले चित्र जैसा भरो।



कितने हैं?
कितने हैं?
कुल ———
कितने हैं?
कितने हैं?
कुल ———



▭ में लाल रंग भरो।
△ में हरा रंग भरो।
○ में पीला रंग भरो।
नीला रंग भरो

कुल कितने △ रंगे?
कुल कितने ▭ रंगे?
कुल कितने ○ रंगे?

- बाहर से कंकड़, चूड़ी के टुकडे, चिए या बीज़ आदि लाओ।

△ पर कंकड़ रखो, ▲ पर काड़ी, ○ पर चूड़ी के टुकड़े और
▭ पर कोई बीज। ऐसे ही अलग– अलग तरह की और चीज़ें जमाओ।

# चीज़ें

लड्डू, लट्टू, कच्ची ईंट,
ताला, चाबी, पक्की ईंट,
कली, कागज और करेला,
कच्चा मटका, गुड़ का भेला।
शीशी, पन्नी, चाय की छन्नी,
पंजी, दस्सी और चवन्नी।
कैंची, फावड़ा, गाय का गिरमा,
टोपी, जूता, आँख का सुरमा।

- जिन चीज़ों के चित्र बना सकते हो, उन्हें बनाओ। उनपर चीज़ों के नाम भी लिखो।
- इनमें से कौन सी चीज़ें कुम्हार बनाता है?
- कौन सी चीज़ें रसोई में लगती हैं?